Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct Sitamarhi to Sheohar railway line project in Bihar-laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्रांतर्गत प्रस्तावित नई रेल लाइन सीतामढ़ी से बापूधाम मोतिहारी वाया शिवहर की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ । बिहार का शिवहर जिला काफी पिछड़ा हुआ इलाका है क्योंकि यह बिहार सहित देश के उन गिने-चुने जिलों में शामिल है जहां रेलवे लाइन नहीं है । ज्ञात हो कि शिवहर में रेल लाइन का निर्माण नहीं होने से यहां के आम लोगों में काफी निराशा एवं रोष है तथा विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पर सरकार के विरुद्ध आंदोलन किया जा रहा है । इस रेल लाइन की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में मैं समय-समय पर सरकार एवं सदन को भी अवगत कराती रही हूँ । 10 जून, 2016 को तत्कालीन माननीय रेल मंत्री जी ने मोतिहारी में रेलवे के एक कार्यक्रम में घोषणा की थी कि मोतिहारी-सीतामढ़ी वाया शिवहर रेल खण्ड के भू-अधिग्रहण में राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी । जिसके बाद रेलवे ने उक्त रेल खण्ड के प्रथम चरण के रूप में सीतामढ़ी-शिवहर 28 किमी नई रेल लाइन के निर्माण हेतु एक डी.पी.आर. पूर्व-मध्य रेलवे, हाजीपुर द्वारा रेलवे बोर्ड को दिया गया है । सीतामढ़ी से मोतिहारी रेल परियोजना के जैसी बिहार में रेलवे की ऐसी कई परियोजनाएं हैं जिसके संबंध में यूपीए सरकार में सिर्फ घोषणा की गई और उसे जमीनी स्तर पर पूरा करने का काम हमारी एनडीए सरकार कर रही है । इसलिए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व की हमारी एनडीए सरकार से शिवहर के लोगों को भी काफी उम्मीदें हैं ।

अतः मेरा सरकार से पुनः अनुरोध होगा कि इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए सीतामढ़ी से बापूधाम मोतिहारी वाया शिवहर नई रेल लाइन के प्रथम चरण में सीतामढ़ी से शिवहर रेल लाइन परियोजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये ।